# प्रदेश के कारागृहों में कॉनफैड द्वारा 'बंदी कैंटीन'की होगी शुरुआत

## चर्चा में क्यों?

16 फरवरी, 2022 को **राजस्थान के सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना** ने **केंद्रीय कारागार जयपुर में कॉनफैड द्वारा बंदियों के लिये संचालित की जाने वाली बंदी कैन्टीन** के उद्घाटन के साथ सीकर, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, धौलपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, दौसा एवं कोटपूतली में भी बंदी कैंटीन का वर्चुअल उद्घाटन किया।

## प्रमुख बिंदु

- उदयलाल आंजना ने कहा कि सहकारिता एवं जेल प्रशासन के द्वारा कैदियों के लिये बंदी कैंटीन की शुरुआत से बंदियों के लिये खाद्य सामग्री, कन्फैक्शनरी, कॉस्मेटिक्स, टॉयलेट्री के अतिरिक्त नोटबुक, पेंसिल एवं दैनिक उपयोग में आने वाली लगभग 43 से 58 प्रकार की सामग्री उपलब्ध होगी।
- कैंटीन की शुरुआत से ही पारदर्शिता के साथ बंदियों के लिये सही सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी तथा 6 माह उपरांत इसकी समीक्षा की जाएगी और सुझाव भी आमंत्रित किये जाएंगे ताकि कैदियों को कैंटीन के माध्यम से और बेहतर सुविधाएँ दी जा सकें। इस मॉडल को राज्य के सभी कारागृहों में शुरू किया जाएगा।
- प्रबंध निदेशक कॉनफैड वी.के. वर्मा ने बताया कि बंदी कैंटीन में जेल में बने वार्ड के अनुसार निर्धारित दिन को बंदी बॉयोमैट्रिक सत्यापन से अपना सामान क्रय कर सकेगा।
- इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने बंदियों की मांग पर कैन्टीन से प्रतिमाह दो हज़ार पाँच सौ रुपए की सीमा तक क्रय की जाने वाली सामग्री की सीमा को तीन हज़ार पाँच सौ रुपए बढ़ाने की घोषणा की।
- उल्लेखनीय है कि **राजस्थान राज्य की 140 जेलों में लगभग 23 हज़ार बंदी** हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prisoner-canteen